CHAHAL ACADEMY
LEARN TODAY! LEAD TOMORROW!
96259-93995



# अर्थशास्त्र / ECONOMICS

## प्रश्न-पत्र I / Paper I

निर्धारित समय : तीन घंटे
*Time Allowed :* ***Three Hours***

अधिकतम अंक : 250
*Maximum Marks :* ***250***

---

### प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें :**

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपे हैं ।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।

जहाँ आवश्यक हो, आलेख / चित्र उत्तर के लिए दिए गए स्थान में ही दर्शाइए ।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा नहीं हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए ।

### Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are* ***EIGHT*** *questions divided in* ***TWO SECTIONS*** *and printed both in* ***HINDI*** *and in* ***ENGLISH****.*

*Candidate has to attempt* ***FIVE*** *questions in all.*

*Question nos.* ***1*** *and* ***5*** *are compulsory and out of the remaining, any* ***THREE*** *are to be attempted choosing at least* ***ONE*** *question from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Graphs / illustrations, wherever required, may be drawn / given in the space provided for answering the question itself.*

*Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*

---

## खण्ड A

## SECTION A

**Q1.** **निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :**

**Answer the following questions in about 150 words each :** ***10×5=50***

(a) एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता के अन्तर्गत चेम्बरलिन द्वारा प्रतिपादित अतिरिक्त क्षमता के विचार की संक्षेप में व्याख्या कीजिए ।

Explain briefly Chamberlin's concept of excess capacity in monopolistic competition. *10*

(b) ब्याज के तरलता अधिमान प्रारूप के अन्तर्गत 'तरलता जाल' के विचार की चर्चा कीजिए ।

Discuss the concept of 'liquidity trap' in the liquidity preference model of interest. *10*

(c) मुद्रा की माँग में 'लेनदेन दृष्टिकोण' तथा 'नकद शेष दृष्टिकोण' के बीच प्रमुख अन्तर कौन-कौन से हैं ?

In demand for money, what are the major differences between 'transaction approach' and 'cash balance approach' ? *10*

(d) 'साधन कीमतों में प्रचुरता' तथा 'साधन प्रचुरता' के आधार पर व्यापार के साधन सम्पन्नता सिद्धान्त की चर्चा कीजिए ।

Discuss the Factor Endowment theory of trade in terms of 'abundance in factor prices' and 'factor abundance'. *10*

(e) हर्षमैन के अनुसार, असंतुलित विकास 'सामाजिक उपरिव्यय पूँजी (SOC)' अथवा 'प्रत्यक्ष उत्पादक क्रियाओं (DPA)' के माध्यम से किया जा सकता है । चर्चा कीजिए ।

According to Hirschman, unbalanced growth can be through 'Social Overhead Capital (SOC)' or 'Direct Productive Activities (DPA)'. Discuss. *10*

**Q2.** (a) एक द्वयाधिकारी (डुओपोली) बाज़ार में,

$P = 100 - 2Q$, $MC = 10$ और $Q = q_1 + q_2$

जहाँ P : बाज़ार मूल्य

Q : कुल उत्पादन/दोनों फर्मों के उत्पादन का कुल योग

$q_1$ तथा $q_2$ : प्रथम फर्म तथा द्वितीय फर्म का क्रमशः उत्पादन

MC : सीमान्त लागत

मान लीजिए प्रथम फर्म बाज़ार में नेतृत्व करती है तथा द्वितीय फर्म उसका अनुसरण करती है । पहले प्रथम फर्म अपना उत्पादन निर्धारित करती है तत्पश्चात् द्वितीय फर्म अपना उत्पादन निश्चित करती है । दोनों फर्मों का संतुलन उत्पादन, मूल्य तथा लाभ ज्ञात कीजिए ।

Consider a duopoly market,

$P = 100 - 2Q$, $MC = 10$ and $Q = q_1 + q_2$

where P : Market price

Q : Total output or the sum total of both firms' output

$q_1$ & $q_2$ : Firm 1 and Firm 2's output respectively

MC : Marginal cost

Suppose Firm 1 is the market leader and Firm 2 is the follower. Firm 1 decides its output first and then Firm 2 takes its output decision. Find equilibrium output, price and profit of both the firms. *20*

(b) यदि प्रथम फर्म मूल्य समायोजित करती, तो क्या उसे पहले प्रस्तावक का लाभ प्राप्त होता ? अपने उत्तर की व्याख्या कीजिए ।

Do you think Firm 1 would have had the first mover advantage if it had gone for the price adjustment ? Explain your answer. *15*

(c) प्रतिस्पर्धी संतुलन पैरेटो कुशल और साम्यिक दोनों है । क्या आप सहमत हैं ? अपने उत्तर के औचित्य को स्थापित कीजिए ।

A competitive equilibrium is both Pareto efficient and equitable. Do you agree ? Justify your answer. *15*

**Q3.** (a) IS वक्र वस्तु बाज़ार के संतुलन बिन्दुओं का बिंदुपथ है । IS वक्र के ऊपर तथा नीचे के बिंदु क्या दर्शाते हैं ?

IS curve is the locus of equilibrium points in the commodity market. What do the points above and below the IS curve signify ? *15*

(b) जमा गुणक की तुलना मुद्रा गुणक से कीजिए । क्रेडिट और डेबिट कार्ड के प्रचुर उपयोग का मुद्रा गुणक पर क्या कोई प्रभाव पड़ता है ? अपने उत्तर के औचित्य को स्थापित कीजिए ।

Compare the deposit multiplier with the money multiplier. Is there any impact on the money multiplier arising out of massive use of credit and debit cards ? Justify your answer. *15*

(c) पूर्ण पूँजी गतिशीलता एवं नम्य विनिमय दर सहित खुली अर्थव्यवस्था में मौद्रिक नीति की प्रभावशीलता की विवेचना कीजिए । यदि अन्य स्थितियाँ अपरिवर्तित रहें तो क्या स्थिर विनिमय दर में भी यह नीति प्रभावशाली रहेगी ? व्याख्या कीजिए ।

Discuss the effectiveness of the monetary policy in an open economy with flexible exchange rate and perfect capital mobility. Will this policy remain effective with fixed exchange rate also, while other things remain the same ? Explain. *20*

**Q4.** (a) करारोपण के सिद्धान्तों को बताइए । क्या आप समझते हैं कि समान कर राजस्व उत्पन्न करने हेतु अप्रत्यक्ष करों की अपेक्षा प्रत्यक्ष कर कम बोझल होते हैं ? अपने उत्तर के औचित्य को स्थापित कीजिए ।

State the canons of taxation. Do you think that direct taxes are less burdensome than indirect taxes in generating equal amount of tax revenue ? Justify your answer. *20*

(b) प्राथमिक शिक्षा — एक गुण (मेरिट) वस्तु, पर सार्वजनिक व्यय का आर्थिक औचित्य बताइए ।

Give economic rationale for public expenditure on elementary education — a merit good. *15*

(c) प्रतिष्ठित तथा कीन्सीय प्रारूपों में समग्र आपूर्ति वक्र का क्या आकार होगा ? विस्तृत व्याख्या कीजिए ।

What will be the shape of the aggregate supply curve in the Classical and Keynesian models ? Give detailed explanation. *15*

## खण्ड B

## SECTION B

**Q5.** **निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :**

**Answer the following questions in about 150 words each :** ***10×5=50***

(a) वितरण के काल्डर प्रारूप की प्रमुख मान्यताओं को स्पष्ट करते हुए सिद्ध कीजिए कि राष्ट्रीय आय में लाभ का हिस्सा कुल उत्पादन में निवेश के अनुपात पर निर्भर करता है ।

**Stating major assumptions in the Kaldor model of disbribution, establish that share of profits in national income depends on the ratio of investment to total output.** *10*

(b) एक केन्द्रीय बैंक द्वारा साख नियंत्रण हेतु अपनाई गई परिमाणात्मक विधियों की व्याख्या कीजिए ।

**Explain the quantitative methods of credit control adopted by the central bank.** *10*

(c) आंशिक संतुलन विश्लेषण के अन्तर्गत प्रशुल्क के उपभोग एवं राजस्व प्रभावों की चर्चा कीजिए ।

**Under Partial equilibrium analysis, discuss the consumption and revenue effects of tariffs.** *10*

(d) डोमर के आर्थिक वृद्धि प्रारूप में साम्य की अवस्था में दर्शाइए कि विनियोग पथ चरघातांकी होता है ।

**Show that in Domar's growth model, in equilibrium, path of investment is exponential.** *10*

(e) नवीकरणीय संसाधनों के सन्दर्भ में प्रवाह तथा स्टॉक अवधारणा के मध्य अन्तर की उचित उदाहरणों सहित चर्चा कीजिए । क्या इन दोनों संसाधनों में से एक की उपलब्धता भविष्य की पीढ़ियों के उपभोग के लिए कम हो सकती है ? अपने उत्तर के औचित्य को स्थापित कीजिए ।

**With appropriate examples, discuss the difference between the flow and the stock concept of renewable resources. Can the availability of one of these two resources be less for the consumption of future generations ? Justify your answer.** *10*

**Q6.** (a) समर्थित संवृद्धि दर से आप क्या समझते हैं ? हैरॉड के आर्थिक संवृद्धि प्रारूप में छुरी-धार असंतुलन की समस्या की व्याख्या कीजिए ।

What do you mean by the warranted rate of growth ? Explain the knife edge instability problem in Harrod's growth model. *15*

(b) आर्थर लुईस द्वारा प्रदत्त प्रारूप के अन्तर्गत श्रम की असीमित आपूर्ति के स्रोतों का संक्षिप्त उल्लेख कीजिए तथा एक अल्प विकसित देश के अन्तर्गत दोहरी अर्थव्यवस्था के विकास हेतु क्रियाविधि समझाइए ।

Following Arthur Lewis, briefly state the sources of unlimited supply of labour and explain the mechanism of development of a dual economy of a less developed country. *20*

(c) लिंग विकास सूचकांक (GDI) एवं लिंग सशक्तिकरण माप (GEM) में अवयवों तथा निर्माण के आधार पर अन्तर्भेद कीजिए ।

Distinguish between Gender Development Index (GDI) and Gender Empowerment Measure (GEM) in terms of their components and constructions. *15*

**Q7.** (a) परीक्षण कीजिए कि क्या रिकार्डो के प्रारूप में तुलनात्मक लाभ का सिद्धान्त वास्तव में तुलनात्मक लागतों का सिद्धान्त बन जाता है ।

Examine whether in Ricardian model, the theory of comparative advantage actually becomes a doctrine of comparative costs. *15*

(b) मानक व्यापार प्रारूप के अन्तर्गत संरक्षण की अंकित (नॉमिनल) तथा प्रभावी दरों के मध्य अन्तर्भेद कीजिए । मान लीजिए :

- आयातित वस्तु j हेतु अंकित प्रशुल्क 40% है,
- आगत i हेतु प्रशुल्क दर 40% है,
- आयातित आगत i का लागत हिस्सा, j वस्तु की कुल उत्पादन लागत का 0·5% है ।

संरक्षण की प्रभावी दर का निर्धारण कीजिए तथा इस सन्दर्भ में दर्शाइए कि अंकित (नॉमिनल) प्रशुल्क दर एवं संरक्षण की प्रभावी दर एकसमान हैं ।

Distinguish between nominal and effective rates of protection in Standard Trade Model. Suppose

- nominal tariff on imported good j is 40%,
- tariff rate on input i is 40%,
- cost share of imported input i in the total cost of production of commodity j is 0·5%.

Determine the effective rate of protection and show that in this case nominal tariff rate is equal to the effective rate of protection. *20*

(c) जगदीश भगवती द्वारा प्रतिपादित 'इमीसराइज़िंग ग्रोथ' के सिद्धान्त की व्याख्या कीजिए ।

Illustrate Jagdish Bhagwati's doctrine of 'Immiserising Growth'. *15*

**Q8.** (a) व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (अंकटाड) के कार्यों को लिखिए । क्या आप समझते हैं कि विकासशील देशों के बीच आर्थिक सहयोग को बढ़ाने में अंकटाड सफल रहा है ? अपने उत्तर के औचित्य को स्थापित कीजिए ।

State the functions of United Nations Conference on Trade and Development (UNCTAD). Do you think that UNCTAD has been successful in extending economic cooperation among the developing countries ? Justify your answer. *20*

(b) विकासशील देश क्यों प्रदूषण की एक अनुज्ञेय सीमा एक प्रकार की सभी प्रदूषणकारी इकाइयों के लिए निर्दिष्ट करते हैं और उसे एकसमान रूप से लागू करते हैं ? इस तरह की नियंत्रण विधि से संबंधित क्या-क्या समस्याएँ हैं ?

Why do developing countries rely on specifying a permissible level of pollution and impose it uniformly across all polluting units of the same kind ? What are the problems associated with such a control method ? *15*

(c) COP (कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज़) 26 की मुख्य सफलताएँ और असफलताएँ क्या हैं ?

What are the major achievements and failures of COP (Conference of Parties) 26 ? *15*